# मध्यप्रदेश विधान सभा

## फरवरी-अप्रैल, 2016 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## शुक्रवार, दिनांक 4 मार्च, 2016 (फाल्गुन 14, 1937)

## समय 10.30 बजे दिन

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री लाल सिंह आर्य, राज्यमंत्री, सामान्य प्रशासन, भारत के संविधान के अनुच्छेद 323 (2) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग का 57 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2013-2014 (दिनांक 1 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2014 तक) स्पष्टीकरणात्मक ज्ञापन सहित प्रतिवेदन पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्रीमती अर्चना चिटनिस, सदस्य, बुरहानपुर जिले में स्वकराधान योजना के तहत पंचायतों को राशि न मिलने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी.

(2) सर्वश्री रामनिवास रावत, आरिफ अकील, सदस्य, प्रदेश में मानसिक तनाव के कारण विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या किये जाने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) पं. रमाकान्त तिवारी, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम महुली के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का उन्नयन किये जाने,
(2) श्री जालम सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम रामपिपरिया से मोटा मनुरिया तक सड़क निर्माण किये जाने,
(3) श्री प्रहलाद भारती, सदस्य, शिवपुरी जिले के शासकीय श्री लक्ष्मी सरस्वती गोपाल कृष्ण महाविद्यालय पोहरी में विज्ञान की स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारम्भ किये जाने,
(4) श्री प्रताप सिंह, सदस्य, दमोह जिले के-
(क) ग्राम गोलापट्टी से खेडार को कुसमी मुख्य मार्ग से जोड़े जाने, तथा
(ख) ग्राम झादा को सिंग्रामपुर से माला मुख्य मार्ग से जोड़े जाने,
(5) श्री नीलेश अवस्थी, सदस्य, जबलपुर जिले के कटंगी नगर में एक महाविद्यालय खोले जाने,
(6) कुँवर सौरभ सिंह, सदस्य, कटनी जिले के ग्राम लालपुरा के जमुना तालाब में बंधान बनाये जाने,
(7) श्री अरूण भीमावद, सदस्य, शाजापुर जिले के-
(क) आगरा - बॉम्बे रोड से राम नगर तक सड़क निर्माण किये जाने,
(ख) विजासन मंदिर से अजेयपाल वाला ओटाल से स्कूल तक सी.सी रोड निर्माण किये जाने, तथा
(ग) ए.बी. रोड क्र. 3 से (आगरा- बॉम्बे) अभयपुर गांव तक सड़क निर्माण किये जाने,
(8) श्री वीर सिंह पवांर, सदस्य, विदिशा जिले के कुरवाई सिरोंज मेन रोड से ग्राम कस्वाताल तक सड़क निर्माण कराये जाने,
(9) श्रीमती उमा देवी खटीक,सदस्य, दमोह जिले के हटा नगर में आई.टी.आई. खोले जाने,
(10) श्री हर्ष यादव, सदस्य, सागर जिले के ग्राम बड़गुवां में झिरिया नाले पर स्टाप डेम निर्माण किये जाने,
(11) डॉ. मोहन यादव, सदस्य, उज्जैन जिले के ग्राम चिंतामन जवसिया के हाई स्कूल का उन्नयन किये जाने,
(12) श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, सदस्य, गुना जिले के
(क) ग्राम मकरोहा के रतनपुरा मंदिर के पास वाली पुलिया तक रोड बनाये जाने, तथा
(ख) मोरखेडी मार्ग का निर्माण कराये जाने,
(13) श्री देवेन्द्र वर्मा, सदस्य, खण्डवा जिले स्थित अवैध कालोनियों में निगम की मूलभूत सुविधाएं प्रदान किये जाने,
(14) श्री निशंक कुमार जैन, सदस्य, विदिशा जिले के ग्राम रजौधा में एक नवीन हैण्ड पम्प लगाए जाने,
(15) श्री अमर सिंह यादव, सदस्य, राजगढ़ जिले के खजूरी , झंझाड़पुर, सांडाहेडी में पंचायत भवन का निर्माण किये जाने,
(16) श्री दुर्गालाल विजय, सदस्य, श्योपुर जिले के ग्राम जलालपुरा के माध्यमिक शाला का उन्नयन किये जाने,
(17) श्री प्रदीप अग्रवाल, सदस्य, दतिया जिले के -
(क) ग्राम भगुवापुरा में कन्या इंटर कॉलेज खोले जाने, तथा
(ख) ग्राम झुझारपुर में नाली का निर्माण किये जाने,
(18) कुँवर जी कोठार, सदस्य, राजगढ़ जिले के ग्राम कूपा में काली सिंध नदी पर स्टाप डेम निर्माण किये जाने,
(19) श्री रामनिवास रावत, सदस्य, श्योपुर जिले के ग्राम खैरूआ का डेरा में विद्युतीकरण कराये जाने,

-2-

(20) श्रीमती ममता मीना, सदस्य, गुना जिले के-

(क) गुना जिले के ग्राम खेरखेड़ी से मजरा बागराज तक सड़क निर्माण किये जाने, तथा

(ख) ग्राम कमलपुरा से हिंगोना के मध्य घोघरा तथा घोघरी नालों पर पुलिया निर्माण किये जाने,

(21) श्री आर.डी. प्रजापति, सदस्य, छतरपुर जिले के ग्राम बेडी को मेन रोड से जनकपुर गुढ़ा रोड से जोड़े जाने,

(22) श्री फुन्देलाल सिंह मार्को, सदस्य, अनूपपुर जिले के ग्राम सोनियामार से नवगंवा पहुंच मार्ग पर एक रपटा कम स्टाप डेम निर्माण किये जाने,

(23) श्री दीवान सिंह पटेल, सदस्य, बड़वानी जिले के डुबा अठिया फल्या मेन रोड से जाहुर रेमला गंगवाड़ा मार्ग स्वीकृत किये जाने,

(24) डॉ. रामकिशोर दोगने, सदस्य, खण्डवा जिले के ग्राम पलानी से रेवापुर तक पक्की सड़क बनाये जाने,

(25) श्री शैलेन्द्र पटेल, सदस्य, सीहोर जिले के ग्राम भोजपुरा के राजघाट बेराज पर जल निकासी हेतु शटर लगाये जाने,

(26) श्री सुशील कुमार तिवारी (इंदू भैया ), सदस्य, जबलपुर जिले के नगर परिषद बरेला में (40) टीन शेड बनाये जाने,

(27) पं. रमेश दुबे, सदस्य, छिंदवाड़ा जिले के ग्राम कोनापिण्डरई हलालकला में फसलों की सिंचाई हेतु नहर निर्माण किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

**निर्धारित समय**

## 5. वर्ष 2016-2017 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमश:)

**2 घण्टे**

| | |
|---|---|
| मांग संख्या – 13 | किसान कल्याण तथा कृषि विकास |
| मांग संख्या – 54 | कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा |

## 6. अशासकीय संकल्प

(1) श्री दुर्गालाल विजय, कुँवर विक्रम सिंह,श्री सुदेश राय, श्री दिव्यराज सिंह, श्रीमती शकुन्तला खटीक,सर्वश्री रामेश्वर शर्मा,यशपाल सिंह सिसोदिया, सदस्य, क्रमश: निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

**1 घण्टा 15 मिनिट**

"यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि -

(i) श्योपुर से ग्वालियर छोटी रेल लाईन (नैरोगेज) को बड़ी रेल लाईन (ब्राडगेज) में परिवर्तन करने के कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जाए,

(ii) छतरपुर जिले के रेल्वे स्टेशन डुमरा-सिंहपुर में खजुराहो से आने तथा जाने वाली इन्टरसिटी एवं सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस गाड़ियों का स्टापेज किया जाए,

(iii) इंदौर से चलकर हावड़ा तक जाने वाली ट्रेन क्रमांक 22911/22912 क्षिप्रा एक्सप्रेस का स्टापेज सीहोर स्टेशन पर किया जाए,

(iv) रीवा से इंदौर चलने वाली ट्रेन क्रमांक 11703 को सायं 6.00 बजे तथा इंदौर से रीवा चलने वाली ट्रेन क्रमांक 11704 सायं 5.00 बजे से प्रारंभ कर स्लीपर कोच के साथ प्रतिदिन चलाई जाए,

(v) वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में सुविधा हेतु रेल गाड़ियों में अतिरिक्त कोच की व्यवस्था की जाए, तथा

(v**i**) मध्यप्रदेश के भोपाल के समीप बैरागढ़ रेल्वे स्टेशन को प्रशासनिक रूप से हटाकर समीपस्थ भोपाल रेल मण्डल (डी.आर.एम.कार्यालय) से जोड़ा जाए.".

(2) सर्वश्री रामनिवास रावत, शैलेन्द्र पटेल,श्रीमती ममता मीना, सदस्य, क्रमश: निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

**1 घण्टा 15 मिनिट**

"यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि -

(i) प्रदेश के मीना/ मीणा (रावत, मैना, देशवाली), मांझी (कहार, ढीमर, भोई, केवट), कीर एवं पारदी जाति को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजाति की अनुसूची में सम्मिलित किया जाए, तथा

**(ii)** रजक/धोबी एवं कुम्हार जाति को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में अनुसूचित जाति की अनुसूची में सम्मिलित किया जाए."

**भगवानदेव ईसरानी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल :**
**दिनांक : 3 मार्च, 2016**